12. आदिकालीन साहित्य की प्रमुख प्रवृत्तियों पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

13. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** पर टिप्पणियाँ लिखिए :

(i) रिपोर्ताज

(ii) संस्मरण

(iii) पुष्टिमार्ग

(iv) आत्मकथा।

MAHD–03

June – Examination 2023

M.A. (Previous) Examination

HINDI

(हिन्दी साहित्य का इतिहास)

Paper : MAHD-03

Time : **3** *Hours*] [*Maximum Marks* : **80**

निर्देश :- यह प्रश्न-पत्र 'अ', 'ब' और 'स' तीन खण्डों में विभाजित है। प्रत्येक खण्ड के निर्देशानुसार प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

खण्ड—अ **8×2=16**

(अति लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को प्रश्नानुसार एक शब्द, एक वाक्य या अधिकतम **30** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है।

1. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) किन्हीं **चार** रासो ग्रन्थों के नाम लिखिए।

(ii) 'जय चन्द्र प्रकाश' किसकी रचना है ?

(iii) किन्हीं **दो** रामभक्त कवियों के नाम व उनकी रचनाओं का उल्लेख कीजिए।

(iv) सचेतन कहानी के **दो** कहानीकारों के नाम लिखिए।

(v) प्रसाद युग के **चार** प्रमुख नाटककारों के नाम लिखिए।

(vi) प्रकृति का सुकुमार कवि किसे कहा जाता है ?

(vii) प्रगतिवाद क्या है, बताते हुए दो प्रगतिवादी कवियों के नाम लिखिए।

(viii) नयी कविता के तीन प्रमुख कवियों के नाम लिखिए।

खण्ड—ब **4×8=32**

(लघु उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **चार** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **200** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 8 अंक का है।

2. हिन्दी नाथ और सिद्ध साहित्य की प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए।

3. रामभक्ति काव्य की प्रमुख विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

4. रीतिकाल की रीतिमुक्त काव्यधारा के कवियों का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

5. स्वातन्त्र्योत्तर हिन्दी उपन्यासों की प्रमुख प्रवृत्तियों का विवेचन कीजिए।

6. हिन्दी नाटक के उद्‌भव और विकास पर संक्षेप में प्रकाश डालिए।

7. साठोत्तरी कविता की प्रमुख प्रवृत्तियों का उल्लेख कीजिए।

8. शुक्लोत्तर आलोचना पद्धतियों पर प्रकाश डालिए।

9. रेखाचित्र के स्वरूप पर विचार करते हुए उसके प्रमुख तत्वों का उल्लेख कीजिए।

खण्ड—स **2×16=32**

(दीर्घ उत्तरीय प्रश्न)

निर्देश :- किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। आप अपने उत्तर को अधिकतम **500** शब्दों में परिसीमित कीजिए। प्रत्येक प्रश्न 16 अंक का है।

10. "तुलसीदास का समस्त काव्य समन्वय की विराट चेष्टा है।" इस कथन के आलोक में तुलसीदास की समन्वय भावना पर सोदाहरण प्रकाश डालिए।

11. छायावाद को परिभाषित करते हुए छायावादी काव्य की प्रमुख विशेषताओं का वर्णन कीजिए।